पुस्तक समीक्षा

पुस्तक का शीर्षक : स्वप्न द्रष्टा डॉ. कलाम की जीवनगाथा



पुस्तक का लेखक : ए.के.गांधी

प्रकाशक का नाम : ज्ञान विज्ञान एजुकेयर

प्रकाशन का स्थान : नई दिल्ली

प्रकाशन वर्ष : २०२०

पुस्तक का सार :

<u>कलाम जी का जन्म</u> : भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम हमारे देश के प्रख्यात वैज्ञानिक हैं जो भारत के राष्ट्रपति रह चुके हैं। कलाम जी का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को रामेश्वरम, में एक मछुआरे परिवार में हुआ था, उनका पूरा नाम डॉ. अवुल पकिर जैनुल्लाब्दीन अब्दुल कलाम है।

<u>कलाम जी की शिक्षा</u> : उनकी प्रारंभिक शिक्षा रामेश्वरम एलिमेंट्री स्कूल से की थी। 1950 में, कलाम जी ने बी.एससी। जोसेफ कॉलेज से पूरा किया।

- इसके बाद, उन्होंने 1954-57 में मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एम. आई. टी से वैमानिकी इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया।

<u>कलाम जी की कर्मभुमि</u> : डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम मिसाइल मैन, जनता के राष्ट्रपति व इंटरएक्टिव प्रेजिडेंट लेखक जैसे नामों से प्रसिद्ध हैं। भारत के छोटे से शहर से आनेवाले कलाम ने विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के उन शिखरों को छुआ है, जिनमें भारत को आधुनिक, शक्तिशाली व विकसित राष्ट्र होने का स्वप्न

साकार करने की क्षमता है। वह एक ऐसे लोकप्रिय व्यक्तित्व के रूप में उभरे, जिनका अनुकरण करना किसी भी भारतीय के लिए गर्व का विषय होगा।

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की उपलब्धियाँ:

डॉक्टर कलाम के 79 वें जन्मदिन को संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया गया था। भारत सरकार द्वारा उन्हें 1981 में पद्म भूषण और 1990 में पद्म विभूषण का सम्मान प्रदान किया गया 1997 में कलाम साहब को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्रदान किया गया

वर्ष 2005 में स्विट्ज़रलैंड की सरकार ने डॉक्टर कलाम के स्विट्ज़रलैंड आगमन के उपलक्ष्य में 26 मई को विज्ञान दिवस घोषित किया|

कलाम जी की अंतिम यात्रा : वह अपने अंतिम क्षण में भी आई. आई. एम., शिलांग में युवाओं को संबोधित कर रहे थे, ताकि वे राष्ट्र की बेहतर प्रकार से सेवा कर सकें।

पुस्तक का महत्व : इस पुस्तक में डॉ. कलाम के मन के साथ-साथ विभिन्न विषयों के बारे में उनके विचारों को प्रस्तुत किया गया हैजो पाठक कलामजी के संघर्ष के किस्सों से रूबरू होना चाहते हैं और किस तरह उन्होने अपने जीवन को एक मिशन की ओर निर्देशित किया जानने के लिए पाठकों को इस पुस्तक को एक बार जरुर पढ़ना चाहिए

धन्यवाद